नेमी टिप्पणी सं. 20011/4/2017 -हिन्दी
दिनांक- 26/08/2019

राजभाषा अनुभाग

**विषय : कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जून 2019 की तिमाही बैठक में लिए गए निर्णयों (निदेशालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हिंदी ज्ञान की स्थिति से संबंधित) पर अनुवर्ती कार्रवाई करने के संबंध में।**

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशालय के हिंदी अनुभाग के दिनांक 09 जुलाई 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ए. 20011/4/2017-हिंदी का संदर्भ ग्रहण करें।

2. उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन के अंतर्गत जारी कार्यवृत्त की मद संख्या 4 (ड़) के अनुसार कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि:-

**"हिंदी अनुभाग सभी अनुभागों एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का नाम एवं उनकी हिंदी ज्ञान की स्थिति के बारे में डाटा मंगवाकर एक डाटाबेस तैयार करेगा ताकि जिन कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त नहीं है, उन्हें प्रशिक्षण के लिए नामित करवाने संबंधी अपेक्षित कार्रवाई की जा सके।"**

3. उपरोक्त के संदर्भ में यह भी सूचित करना है कि हिंदी अनुभाग द्वारा इस विषय पर नेमी टिप्पणी सं0 20013/13/2019, दिनांक 16/04/2019 के माध्यम से निदेशालय के कार्मिकों के हिंदी ज्ञान की स्थिति के बारे में डाटा मांगा था। लेकिन पाया गया है कि अभी भी निदेशालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पूरी डाटा प्राप्त नहीं हुई है। मुख्यालय के भंडार अनुभाग, संचार एवं अनुरक्षण अनुभाग, समन्वय अनुभाग और सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग से वांछित डाटा प्राप्त नहीं हुआ है।

4. अतः उपरोक्त पैरा 2 में उल्लिखित निर्णय के अनुसरण में सभी अनुभाग अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने अनुभाग के बाकी बचे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की स्थिति के बारे में मांगी गई वांछित सूचनाए इस पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 30 अगस्त 2019 तक हिंदी अनुभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि निदेशालय की अगली तिमाही बैठक में इसकी सूचना समिति को प्रस्तुत की जा सके।

(signature) 26/8/2019
(डॉ. आर के सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

संलग्न : यथोपरि

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. निदेशक के प्रधान वैयक्तिक सचिव/अपर निदेशक (मुख्यालय)/अपर निदेशक (प्रचालन) के वैयक्तिक सचिव : सादर सूचनार्थ एवं साथ हिंदी निजी अनुभाग में कार्यरत स्टॉफ की डाटा भेजने के अनुरोध के साथ।
2. सभी संयुक्त निदेशक/उप निदेशक।
3. निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारी :- कृपया आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. सहायक निदेशक, पोलनेट हब :- कृपया आवश्यक कार्रवाई हेतु।
5. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
6. स.नि., सूचना प्रौद्योगिकी: विभाग की वेबसाइट के सर्कुलर भाग में अपलोड करने हेतु। सभी अ.रा.पु.बे.स्टेशन के सं.स.नि./स्टे.अ. को भी इसी प्रकार की कार्रवाई सुनिश्चित करने के आशय के साथ।
7. कार्यालय प्रति।

<u>हिन्दी प्रशिक्षण संबंधी रोस्टर का प्रपत्र</u>

अनुभाग/केन्द्र का नाम : ..............................................

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | कार्मिक का नाम तथा पदनाम | जन्मतिथि | मातृ भाषा | शैक्षिक योग्यता | हिंदी ज्ञान की स्थिति/ हिंदी योग्यता | | प्रशिक्षण की स्थिति (हिंदी टाइपिंग, हिंदी प्रबोध,प्रवीण, या प्राज्ञ या परीक्षा उत्तीर्ण आदि की स्थिति) | अभ्युक्ति |
| | | | | | (क) क्या कक्षा 10 या इससे उच्च शिक्षा हिंदी एक विषय के साथ उत्तीर्ण की है (हां या नहीं) | (ख) कक्षा 10 या इससे उच्चत्तर शिक्षा का माध्यम (हिंदी, अंग्रेजी या अन्य) | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |